आज समाज 18/10/2025

# जीएमएएन कॉलेज ने 48वें जोनल युवा महोत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आज समाज नेटवर्क**

**अंबाला।** जीएमएएन कॉलेज अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने 48वें जोनल युवा महोत्सव 2025-26 (अंबाला जोन) में अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। इस महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, नाट्य, साहित्यिक एवं संगीत संबंधी प्रतियोगिताओं में अम्बाला जोन के विभिन्न कॉलेज की अनेक टीमों ने भाग लिया और उनके इस प्रदर्शन ने न केवल निर्णायकों को प्रभावित किया बल्कि दर्शकों से भी खूब सराहना प्राप्त की। मोहोत्सव में संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में टीम संख्या सात के रुप मे अपनी वाक्-कला और भाषाई दक्षता का परिचय दिया, तथा दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं युवा मोहोत्सव में फॉक सांग जरनल में भे दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा क्विज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 48वें जोनल युवा मोहोत्सव में जी एम एन कॉलेज ने हरियाणवी लोकसंस्कृति की सम्पूर्ण झलक दर्शाने का प्रयास किया जिसमें वह सफल भी रहा। परिणामस्वरूप पूरे सभागार को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया तथा हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा में विद्यार्थियों ने पारंपरिक और आधुनिक संगीत का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया, जिससे निर्णायक मंडल ने उन्हें विशेष रूप से सराहा कॉलेज ने तृतीय साथ अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त, संस्कृत नाटक में प्रतिभागियों ने मंच पर अभिनय और अभिव्यक्ति की अद्भुत क्षमता दिखाई, जिसने सांस्कृतिक प्रस्तुति को नई ऊँचाइयाँ दीं इस विधा में भी जी एम एन कॉलेज, अम्बाला कैंट पीछे नही रहा और दूसरा स्थान अपने नाम किया। लाइट वोकल इंडियन और शास्त्रीय गायन एकल, शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र एकल(परकर्शन) तथा फोक वाद्ययंत्र हरयाणवी एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी व स्टाफ।

जी एम एन कॉलेज, अम्बाला कैंट, हरियाणवी स्किट तथा इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा, वही पशिचमी वाद्ययंत्र एकल प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर तथा हरियाणा के पारम्परिक रीति रिवाज को दशार्ने की प्रतियोगिता रिचुअल्स तथा हरियाणा की पहचान कहा जाने वाले सांग में जी एम एन कॉलेज, अंबाला कैंट ने दूसरा स्थान अपने नाम किया। इन सभी प्रतियोगिताओं जी एम एन कॉलेज, अम्बाला कैंट के सभी विद्यार्थियों ने अपने वाद्ययंत्रों तथा अपने कंठ के के मधुर स्वरों, संगीत-ज्ञान, वाक्पटुता, अभिनय और ताल-लय के उत्कृष्ट सामंजस्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस अवसर पर सभी विजेता विद्यार्थियों, प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियाँ जीएमएन कॉलेज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सृजनात्मक वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। डॉ.रोहित दत्त ने विश्वास व्यक्त किया कि कॉलेज के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ नई सफलताओं को प्राप्त करेंगे और अपने प्रिय संस्थान जी एम एन कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कॉलेज के युवा सांस्कृतिक विभाग को भी उनकी इस उपलब्धी पर उनके कार्य की सराहना करी और बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपको निराश होने की जरूरत नही, आप सभी विजेता है और कॉलेज आपकी कला का हमेशा सम्मान करता है।